सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

कार्तिक 17, सोमवार, शाके 1943-नवम्बर 08, 2021
Kartika 17, Monday , Saka 1943- November 08, 2021

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।

नगरीय विकास विभाग

अधिसूचना

जयपुर, नवम्बर 08, 2021

संख्या प.10(13)**नविवि**/3/81 **:-**राजस्थान नगर सुधार अधिनियम**, 1959** के अधीन बनाये गये राजस्थान नगर सुधार (सामान्य) नियम**, 1962** के नियम-**4** के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा-**7** के अनुसरण में विभागीय अधिसूचना दिनांक **19.06.2012** द्वारा अधिसूचित चित्तौड़गढ के नगरीय क्षेत्र के लिए तैयार किये गये मास्टर प्लान-**2025** का अनुमोदन किया जा चुका है। नगर विकास न्यास**,** चित्तौड़गढ के न्यास मण्डल की बैठक दिनांक **16.10.2021** में न्यास क्षेत्राधिकार में तैयार किये गये जोनल डवलपमेन्ट प्लान के संबंध में न्यास मण्डल द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि चित्तौड़गढ मास्टर प्लान-**2025 (**संशोधित) में मौका स्थिति के मध्यनजर मास्टर प्लान में संशोधन किया जाना अपेक्षित है। उपरोक्तानुसार न्यास मण्डल में लिये गये निर्णय एवं न्यास के प्रस्तावानुसार चित्तौड़गढ मास्टर प्लान-**2025 (**द्वितीय संशोधन) में प्रस्तावित संशोधनों का अनुमोदन कर दिया गया है।

उक्त चित्तौड़गढ मास्टर प्लान-**2025 (**द्वितीय संशोधन) की प्रति का अवलोकन नगर विकास न्यास चित्तौड़गढ के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में किया जा सकता है।

राज्यपाल की आज्ञा से,
नवनीत कुमार,
संयुक्त शासन सचिव-द्वितीय।

2509
राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।